## खबर संक्षेप

### जंगल में मृत मिले पशु के मामले में केस दर्ज

**यमुनानगर।** गांव भोगपुर के जंगल में मृत मिले बछड़े के मामले में पुलिस ने गांव बीबीपुर निवासीअहमद अली व दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है। बूडिया पुलिस ने गोरक्षक सचिन की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गोरक्षक भटोली निवासी सचिन ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बीबीपुर में कुछ लोग गो तस्करी करते हैं और गोहत्या कर मांस सप्लाई करते हैं। गांव बीबीपुर के अहमद अली एक पशु को मारते पीटते हुए लेकर जा रहे थे। उसके साथ दो अन्य लोग भी थे। अब वही पशु गांव भोगपुर के जंगल में मृत मिला। इस बारे में थाना प्रभारी को जानकारी दी। उन्होंने वहां पर वेटरनरी सर्जन को भेजा। सर्जन ने बछड़े का पोस्टमार्टम किया और बताया कि धारदार हथियार से वार कर पशु की हत्या की गई है। एक पुलिस ने आरोपी अहमद अली को नामजद करते हुए दो अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### भाकपा की रैली को लेकर बैठक हुई

**पानीपत।** भगत सिंह स्मारक कामरेड टीका राम सखुन सभागार में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की हरियाणा राज्य कौंसिल की मीटिंग वरिष्ठ भाकपा नेता का. आर.एन.सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सीपीआई के राज्य सचिव का. दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा व केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त रुप से 16 फरवरी को राष्ट्रीय स्तर पर हड़ताल का आह्वान किया है।

### गोभक्तों ने गोवंश की जान बचाई

पानीपत। कान्हा गौवंश रक्षा उपचार एवं कल्याण संस्था समालखा के गौभक्ताओं ने प्रदीप भापरा, सागर, राहुल, प्रिंस, मंदीप, संचित, गौरव, राज, मनोज आदि ने नाले में फंसे गौवंश को क्रेन की मदद से बाहर निकाला और उसका उपचार किया। क्रेन मालिक राममेहर व विक्की ने गौवंश की सेवा के लिए निशुल्क सहयोग किया। वहीं प्रदीप भापरा ने राममेहर व विक्की का आभार जताया।

## भाजपा जिला कार्यालय यमुनानगर में हुई जिला कार्यकर्ताओं की बैठक

# भाजपा चलाएगी गांव चलो एवं नारी शक्ति वंदन अभियान : सैनी

**नारी शक्ति वंदन अभियान के संयोजक एवं पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी ने कार्यकर्ताओं का किया मार्ग दर्शन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर के भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते अभियान के संयोजक डॉक्टर पवन सैनी।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो एवं नारी शक्ति वंदन अभियान चलाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के पक्ष में दस प्रतिशत मत प्रतिशत बढ़ाना है। उक्त शब्द गांव चलो एवं नारी शक्ति वंदन अभियान के प्रदेश संयोजक एवं लाडवा से पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी ने जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में कहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की।

पूर्व विधायक डॉक्टर पवन सैनी ने कहा कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा संगठन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि भाजपा गांव चलो अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर जाकर वहां पर रह रहे लोगों से सीधा संपर्क करेगी। इसके अंतर्गत भाजपा जिला यमुनानगर के 959 बूथों पर रह रहे लोगों से सीधा संवाद करके उन्हें भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के बारे में बताएंगे व उन्हें भाजपा संगठन के इतिहास से परिचित करवाएंगे। डॉक्टर पवन सैनी ने बताया कि इसके लिए भाजपा ने जिला यमुनानगर के लिए एक जिला संयोजक, दो जिला सह संयोजक, सभी 13 मंडलों के गांव चलो अभियान के मंडल संयोजक व मंडल सहसंयोजक,बूथ संयोजक व प्रवासी कार्यकर्ताओं एवं बूथ कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कर दी है। गांव चलो अभियान के तहत चयनित भाजपा कार्यकर्ता बूथों पर 24 घंटे प्रवास करेंगे। यह कार्य फरवरी माह के प्रथम व अंतिम सप्ताह व मार्च माह के प्रथम सप्ताह व अंतिम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। इस प्रकार चयनित भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर पर चार बार सीधा मतदाताओं से संपर्क करेंगे व उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगें। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, अभियान की जिला प्रभारी नीति खेड़ा , बैकवर्ड मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष करण देव कांबोज, जिला परिषद अध्यक्ष रमेशचंद ठसका, पूर्व मेयर मदन चौहान, पूर्व विधायक बलवंत सिंह साढौरा आदि मौजूद थे।



यमुनानगर से जींद जनसभा के लिए रवाना होते आप कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## आप कार्यकर्ता जींद में होने वाली बदलाव जनसभा में भाग लेने के लिए हुए रवाना

- अरविंद केजरीवाल जनसभा हरियाणा में आगामी चुनाव की रूपरेखा करेगी तैयार : त्यागी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

आप नेता ललित त्यागी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की जींद में आयोजित बदलाव जनसभा हरियाणा में आगामी चुनाव की रूपरेखा तैयार करेगी। प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में आप पार्टी स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी।

रविवार को ललित त्यागी के अगुवाई में करीब 300 कार्यकर्ता जींद में आयोजित होने वाली बदलाव जनसभा में भाग लेने के लिए रवाना हुए। इससे पहले आप नेता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। त्यागी ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। बेरोजगारी के मामले में हरियाणा देश में पहले नंबर पर आ गया है। युवाओं को रोजगार देने में बीजेपी सरकार विफल साबित हुई है। अब प्रदेश के लोगों ने आप पार्टी को सत्ता में लाने का मन बना लिया है।

आज की जनसभा से साबित हो जाएगा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी पंजाब की तर्ज पर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। आज की जनसभा में मुख्य रूप से जिला व्यापार सचिव मोहित त्यागी, जिला एससी सेल सचिव प्रदीप कुमार, जिला कार्यालय इंचार्ज अवनीश त्यागी, विशाल यादव, सुखविंद्र बिट्टू, बॉबी चावला, शमशाद, गुलशेर, मोहित राजपूत, रीना रानी, कर्मचंद, हुकमचंद, रामदास, ईशान बाबा आदि मौजूद थे।

## ट्रैक्टर परेड यात्रा के लिए किसानों का जताया आभार

- गांव धौड़ंग में भाकियू ने किया बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर के रादौर में जानकारी देते भाकियू जिला प्रधान सुभाष गुर्जर व अन्य।

भारतीय किसान यूनियन की ओर से रविवार को गांव धौड़ंग में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने सभी किसानों का ट्रैक्टर परेड यात्रा को सफल बनाने पर हार्दिक आभार प्रकट किया। सुभाष गुर्जर ने बताया कि 26 जनवरी को ट्रैक्टर परेड में लगभग 300 ट्रैक्टर शामिल करके किसानों ने सरकार की चूलें दिला दी। इससे साफ जाहिर होता है कि आज किसान अपनी फसल और नस्ल को बचाने के लिए बडे.से बड़ा आंदोलन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार वहम में न रहे कि किसान डर गए, बिखर गए, सो गए या भाग गये। लेकिन पूरे देश में ट्रैक्टर परेड में शामिल करके किसानों ने साबित कर दिया कि किसान संयुक्त किसान मोर्चा के आदेश का इंतजार कर रहे हैं कि कब बड़े से बड़ा आंदोलन किया जाए। सुभाष गुर्जर ने रादौर, साढ़ौरा, छछरौली, बिलासपुर रंजीतपुर, सरस्वती नगर, यमुनानगर व जगाधरी ब्लॉक के सभी किसानों को बधाई देते हुए कहा कि 26जनवरी की ट्रैक्टर परेड एक ऐतिहासिक परेड रही। उन्होंने सभी जिला के ब्लॉक अध्यक्षों व जिला के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद करते हुए कहा कि इस सफल यात्रा में सभी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि अब फरवरी माह से हर गांव में ट्रैक्टर प्रमुख बनाए जाएंगे और संगठन को बड़ा मजबूत किया जाएगा। उन्होंने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि जब भी संयुक्त किसान मोर्चा के आदेश आएं तो सभी किसान अलर्ट रहें और आदोलन के लिए तैयार रहें। मौके पर जयपाल चमरोड़ी, अशोक डांगी, कुलविंदर्धू, महेंद्र कांबोज, साहिल सेतिया, कर्ण चानना, धर्मवीर अमलोहा, विनोद डांगी व मदन कांजनु आदि मौजूद थे।

## महान क्रांतिकारी लाला लाजपत राय को किया नमन

- जन्मदिवस पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर के रादौर में बैठक करते रोटरी क्लब के सदस्य।

- रोटरी क्लब ने महान क्रांतिकारी लाला लाजपतराय को किया याद

रोटरी क्लब की ओर से रविवार को महान क्रांतिकारी लाला लाजपतराय का जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने प्रधान मनजीत सिंह पंजेटा के नेतृत्व में लाला लाजपत राय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि भेंट की।

मनजीत सिंह पंजेटा ने कहा कि क्रांतिकारी लाला लाजपतराय का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोजपुर जिला में हुआ था। 1885 में कानून की डिग्री लेकर वे हिसार में वकालत करने लगे। उन दिनों पंजाब में आर्यसमाज का बहुत प्रभाव था। उन्होंने हिन्दू समाज में फैली वंशानुगत पुरोहितवाद, छुआछूत, बाल विवाह जैसी कुरीतियों का प्रखर विरोध किया। वे विधवा विवाह, नारी शिक्षा, समुद्र यात्रा आदि के प्रबल समर्थक थे। 1905 में अंग्रेजों द्वारा किए गए बंग भंग के विरोध में लाला जी के भाषणों ने पंजाब के घर-घर में देशभक्ति की आग धधका दी। लोग उन्हें पंजाब केसरी कहने लगे। इन्हीं दिनों शासन ने दमनचक्र चलाते हुए भूमिकर व जलकर में भारी वृद्धि कर दी। लाला जी ने इसके विरोध में आंदोलन किया। इस पर शासन ने उन्हें 16 मई 1907 को गिरफ्तार कर लिया। लाला जी ने 1908 में इंग्लैण्ड, 1913 में जापान तथा अमरीका की यात्रा की। वहाँ उन्होंने बुद्धिजीवियों के सम्मुख भारत की आजादी का पक्ष रखा। इससे वहाँ कार्यरत स्वाधीनता सेनानियों को बहुत सहयोग मिला। 30 अक्तूबर 1928 को लाहौर में साइमन कमीशन के विरोध में एक भारी जुलूस निकला। पंजाब केसरी लाला जी शेर की तरह दहाड़ रहे थे। यह देखकर पुलिस कप्तान स्कॉट ने लाठीचार्ज करा दिया। उसने स्वयं लाला जी पर कई वार किए। लाठीचार्ज में बुरी तरह घायल होने के कुछ दिन बाद 17 नवम्बर 1928 को लाला जी का देहांत हो गया। उनकी चिता की पवित्र भस्म माथे से लगाकर क्रान्तिकारियों ने इसका बदला लेने की प्रतिज्ञा ली। ठीक एक महीने बाद भगतसिंह और उनके मित्रों ने पुलिस कार्यालय के बाहर ही स्कॉट के धोखे में सांडर्स को गोलियों से भून दिया।

## युवाओं को वितरित की खेल के सामान की किटें



हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

गांव पोटली में पंचायत की ओर से रविवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरपंच गौरव कुमार के नेतृत्व में पंचायत के सदस्यों ने पोटली, पासी डेरा व खुर्दबन के युवाओं को बैडमिंटन, क्रिकेट व वॉलीबॉल की किटें प्रदान की। सरपंच गौरव कुमार ने कहा कि युवा हमारे गांव की ही नहीं देश की शान भी होते हैं। युवाओं को सही दिशा दिखाने पर वह देश का मान सम्मान भी बढ़ा सकते हैं। हमारे क्षेत्र के युवा कुछ समय से नशे की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जिसको नशे की ओर से मोड़कर खेलों के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचायत द्वारा गांव में खेल प्रतियोगिताएं करवाकर युवाओं को आगे बढ़ाने का मौका दिया जाएगा। नशे की रोकथाम के लिए भी पंचायत अपने स्तर पर कार्य कर रही है।

## श्रीगुरु रविदास मंदिर मानकपुर में होने वाले विकास कार्यों का शिक्षा मंत्री ने किया शिलान्यास

- शेष बचे विकास कार्यों के लिए अनुदान देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर के गांव मानकपुर में विकास कार्यों का शिलान्यास करते स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

डॉ.बीआर अंबेडकर साहित्य प्रचार समिति द्वारा मानकपुर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हरियाणा के स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर समिति द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू ने की। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने श्रीगुरु रविदास मंदिर मानकपुर में 5 लाख 50 हजार की लागत से मंदिर में निर्माणधीन हाल के विकास कायार्ें का शिलान्यास किया। मंत्री ने श्री गुरु रविदास मंदिर के शेष बचे विकास कायार्ें के लिए 5 लाख 50 हजार का अनुदान देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की राज्य सरकार सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा, स्वाभिमान और स्वावलंबन, हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। भाजपा सरकार के सुशासन एवं विकास से प्रभावित होकर विपक्षी दल मुद्दाविहीन हो गए हैं। आज हर वर्ग भाजपा में अपनी आस्था और विश्वास दिखा रहा है। मौजूदा सरकार प्रत्येक नागरिक के साथ खड़ी है। हर अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए हम कार्य कर रहे हैं और डॉ.भीम राव अंबेडकर का सपना हम स्वीकार कर रहे हैं। भाजपा एस सी मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू ने कहा कि एससी समाज के लिए मनोहर सरकार वरदान के रूप में साबित हो रही है। एस सी समाज के उत्थान के लिए भाजपा सरकार ने ऐसी योजनाएं चलाई हैं जिससे आज एस सी वर्ग का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, उपाध्यक्ष गीता कपूर, सचिव सपना रानी, दिव्या सिंगल, सुनील, काला, रमेश कश्यप, जगाधरी आईटी सेल के अध्यक्ष पीयूष गोगियांन, कपिल मित्तल आदि मौजूद थे।

### पवन जिंदल फिर बने संघ के प्रांत संघचालक

*पानीपत। समालखा के पट्टीकल्याणा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केंद्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दो दिवसीय प्रांत की बैठक हुई। जिसमें सभी जिला संघचालक, कार्यवाह, प्रचारक व इससे ऊपर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए चुनाव प्रकिया हुई, जिसमें शाखा प्रतिनिधियों द्वारा सहित अन्य सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा पवन जिंदल को दोबारा फिर से प्रांत संघचालक के लिए निर्वाचित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संविधान में तीन साल में एक बार प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए चुनाव किए जाते हैं। इसी प्रक्रिया के तहत प्रांत संघचालक के लिए चुनाव प्रक्रिया की गई तथा साथ ही दो अखिल भारतीय प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह, रमाकांत भी चुने गए । बैठक में प्रांत संघचालक के लिए पवन जिंदल के नाम का प्रस्ताव किया गया। सर्वसम्मति से सभी ने पवन जिंदल को दोबारा फिर प्रांत संघचालक के दायित्व के लिए निर्वाचित किया गया।*

## दिव्य ज्योति जाग्रती संस्थान ने किया धार्मिक संत समागम का आयोजन

# श्रद्धालुओं को समझाया ध्यान साधना का महत्व

- परमात्मा से संपर्क साधे बिना सिद्ध नहीं हो सकती ध्यान साधना : भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर





यमुनानगर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के आश्रम में आयोजित धार्मिक संत समागम में ध्यान साधना के महत्व को समझाती साध्वी भारती व श्रवण करती साध संगत। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रती संस्थान के तत्वावधान में रविवार को जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में धार्मिक संत समागम का आयोजन किया गया। समागम में साध्वी सीमा भारती ने साध संगत को ध्यान साधना के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया। साध्वी सीमा भारती ने फरमाया कि वैसे तो तो संसार में ध्यान साधना की बहुत सी पद्धतियां प्रचलित हैं। जो हमें कुछ समय तक शांति प्रदान करके हमारे शरीर एवं मन को स्वस्थ रखने में सहायक होती हैं। लेकिन भारत के प्राचीन वेद शास्त्र ध्यान साधना के बारे में हमें समझाते हैं कि ध्यान साधना वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा प्रत्येक मानव देवत्व को धारण कर सकता है। यदि किसी उपकरण को चलाना है तो सर्वप्रथम उसका संपर्क मुख्य विद्युत स्त्रोत से जोड़ना होगा। तभी वह उपकरण कार्य में लाया जा सकता है। इसी प्रकार शांति के स्त्रोत स्वयं परमपिता परमात्मा से संपर्क साधे बिना हमारे द्वारा की गई ध्यान साधना पूर्ण रूप से सिद्ध नहीं हो सकती है। ध्यान तभी घटित हो सकता है जब ध्यान करने वाला ध्याता और जिस लक्ष्य पर ध्यान किया जाए वह ध्येय उपस्थित हो। जब हमारे जीवन में पूर्ण ब्रह्मनिष्ठ संत आते हैं तो वे ब्रह्मज्ञान की शाश्वत पद्धति के द्वारा हमारी अंतरात्मा का संपर्क परमपिता परमात्मा से जोड़ देते हैं। तभी हमें अपने ध्येय का ज्ञान होता है। इसके पश्चात हमारे द्वारा की गई ध्यान साधना फलीभूत होकर हमें भौतिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर सफलता प्रदान करती है। साध्वी सीमा भारती ने समझाया कि कुछ समय तक आंखें बंद करके निरंतर सांसों पर ध्यान टिकाना व बैठे रहना ही ध्यान साधना नहीं है। क्योंकि इससे हमारे मन और जीवन में परिवर्तन नहीं आ सकता। ब्रह्मज्ञान की ध्यान साधना के द्वारा ही साधक अपने भीतर उस परम तत्व का ज्योति रूप में दर्शन करता है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों का भाषण प्रतियोगिता में ओवरऑल ट्राफी पर कब्जा

- मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में आयोजित हुई भाषण प्रतियोगिता व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर





यमुनानगर के मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में अच्छा परिणाम दिलाने वाले स्टॉफ सदस्यों को पुरस्कार देते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

मुकंदलाल नेशनल सीनियर सैकेंडरी स्कूल रादौर में भाषण प्रतियोगिता व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। वहीं, समारोह में मेधावी बच्चों व अच्छा परिणाम दिलाने वाले अध्यापकों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के मैनेजर ज्ञान प्रकाश शर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में वर्ष 2022-23 में 10वीं, 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 5100 रुपये रुपये का व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 3100 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही शत प्रतिशत वार्षिक परिणाम देने वाले सभी टीचर्स प्रमोद ग्रोवर, डोली कांबोज, मोना चोपड़ा, दीक्षा, हिमानी, आंचल, योगिता, इंदु, ज्योति व अक्षय को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता की ओवरऑल ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। कैप्टन एससी चौहान ने स्कूल के मेधावी छात्रों को 5100 का नकद पुरस्कार दिया।

इस अवसर पर पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई दी । मौके पर मैडल शशि बाठला, डॉ.अजय शर्मा, कैप्टन एससी चौहान, प्रमोद बंसल, बालकृष्ण व रेनू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### संकष्टी चतुर्थी पर आज होगा संकीर्तन एवं भंडारा

**पिहोवा।** पवन मार्किट स्थित श्रीगजानन सिद्धि विनायक मंदिर में भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष महंत बंसी पुरी के सानिध्य में आज सोमवार को संकष्टी चतुर्थी के उपलक्ष में संकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम चक्रपाणि परिवार एवं श्री गणेश महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान में किया जाएगा। श्रीगणेश महोत्सव आयोजन समिति के प्रधान विक्रम चक्रपाणि ने बताया कि संकष्टी चतुर्थी को हिंदू लोग बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाते हैं।

### लंगर की सेवा से आत्मिक सुख की होती है अनुभूति

**पिहोवा।** कुरुक्षेत्र रोड स्थित बाबा श्रीचंद गुरुद्वारा प्रबंधन की ओर से श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन में शामिल संगत की सेवा में समाज सेवी राजू वधावन द्वारा मेंन चौंक पर अपने सहयोगी साथियों के साथ लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें चाय, मट्ठी, नमकीन,बिस्कुट आदि संगत में बांटा गया। राजू वधावन ने कहा कि लंगर के द्वारा श्री गुरुनानक देव जी के सर्वव्यापी भाईचारे के संदेश का आज तक प्रचार हो रहा है।

### डा. श्रीप्रकाश मिश्र चेंज ऑफ चैंपियन अवार्ड से सम्मानित

कुरुक्षेत्र। मेडिवेज फाउंडेशन द्वारा आध्यात्म प्रेरित सेवा संस्थान मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र को सामाजिक क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन एवं विशिष्ट पहल के लिए दिल्ली स्थित ली मेरेडियन होटल में आयोजित कार्यक्रम में चेंज ऑफ चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह देश के प्रतिष्ठित ह्रदय रोग विशेषज्ञ पदम भूषण डा. के. के. तलवार, पदमश्री जवाहर लाल कौल, पदमश्री दया प्रसाद सिन्हा, राज्य सभा सदस्य नरेश बंसल, देश की प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. मीनू वालिया एवं पूर्व कुलपति डा. दुर्ग सिंह चौहान की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### पर्यावरणीय गतिशीलता पर हुई विस्तार से चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विवि के भूगोल विभाग और मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के बीच एक अनुकरणीय सहयोग के तहत, दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स के 13वें दिन के प्रथम सत्र में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के पर्यावरण विज्ञान स्कूल के प्रोफेसर कृष्ण कुमार ने इंडो-गैंगेटिक मैदानों पर कार्बन मोनोऑक्साइड के स्थानिक ढाल के जटिल विषय पर प्रकाश डाला, जो क्षेत्र की पर्यावरणीय गतिशीलता के मूल्यवान में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

### विद्यार्थियों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति

**थानेसर।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा षष्ठम से नवम के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।कक्षा नवम के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत गाकर समा बांध दिया। कक्षा षष्ठम की पायल, वर्षा,योगिता, ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा सप्तम एवं नवाम की छात्राओं ने भारत की बेटी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।

## महिलाओं को अपने जीवन योग अवश्य अपनाना चाहिए: सुमन

# धूमधाम से मनाया महिला योग शक्ति दिवस एवं वसंत उत्सव

### योग महिला को स्वस्थ रखकर मानसिक व बौद्धिक रूप से सशक्त बनाता है : सुमन बाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


योग कव्वाली प्रस्तुत करते हुए युधिष्ठिर जिला की साधिकाएं। फोटो : हरिभूमि

भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के युधिष्ठिर योग जिला के तत्वाधान में महिला योग शक्ति दिवस एवं वसंत उत्सव शिव मंदिर, सेक्टर 7 में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया।

मुख्य अतिथि गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमन बाला बत्रा, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता एवं कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य डॉ ऋषिपाल मथाना, संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रधान ओमप्रकाश, मंत्री मानसिंह, प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान सुमन तोमर, जिला संरक्षक एपी जैन, संगठन मंत्री रेखा गोयल, कोषाध्यक्ष रेनू जैन, जोन प्रधान कृष्णा पांचाल सहित अन्य जिला व जोन अधिकारियों ने ओम ध्वनि, गायत्री मंत्रोच्चारण व शंखनाद से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । उपस्थित साधक साधिकाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सुमन बाला ने कहा कि महिलाओं सहित सभी को योग अवश्य करना चाहिये ।

योग महिला को शारीरिक, मानसिक व बौद्धिक रूप से सशक्त बनाता है। जब एक महिला योग साधिका, शिक्षिका या अधिकारी बनती है तो उसके व्यक्तित्व का बहुत अधिक विकास होता है। प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने कहा कि साधिकाओं द्वारा नियमित योगाभ्यास करने से उन के तन मन में जो परिवर्तन होता है, उस से उसकी क्षमताओं का जो विकास होता है। युधिष्ठिर योग जिला एक श्रेष्ठ जिला है और दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत है । जिला के अधिकारियों, साधक साधिकाओं राजेश, बरखा, वीरमती, सरोज सैनी, सुमन तोमर, रेखा, रेनू, कृष्णा, राधिका, उमा, किरण, वंदना, मीनू, ओमी देवी, हर्षना, रमणी, के ऐल मनचंदा सहित कई अन्य साधक साधिकाओं ने भजन, योग गीत, योग नृत्य, हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, दहेज प्रथा पर हरियाणवी लघु नाटिका, योग कव्वाली, राधा कृष्ण नृत्य सहित कई उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच संचालन सुमन तोमर ने किया। संस्थान के अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया।

**प्रतिक्रिया**

इस अवसर पर भोजेंद्र प्रसाद, मनीराम सैनी, सत्येंद्र तोमर, लाजपत गोयल, डॉ ओमप्रकाश, दयानंद पांचाल, डॉ ऋषिपाल मथाना की पत्नी एवं सुपुत्र इत्यादि सहित बड़ी संख्या में साधक साधिकाएं उपस्थित रहे।

# जजपा बीसी सेल के जिलाध्यक्ष कांग्रेस में शामिल

- कैप्टन अजय सिंह यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर किया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

गुरुग्राम में ओबीसी प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी प्रवीन कश्यप दयालपुर के नेतृत्व में ओबीसी सैल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव की मौजूदगी में जननायक जनता पार्टी के बीसी सैल के जिलाध्यक्ष मांगे राम कश्यप सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने जजपा को छोड़कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय सिंह यादव ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी का पटका पहनाकर उन्हें पार्टी ज्वाइन करवाई। पार्टी ज्वाइन करने वालों में कुरुक्षेत्र के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी अमरजीत सिंह, बलवान सिंह पंच, बलकार सिंह, नवदीप कश्यप युवा प्रधान कश्यप समाज, सरवण कुमार व गुरमुख सिंह शामिल रहे। विशेष बात यह रही कि जिस समय जजपा के बीसी सैल के जिलाध्यक्ष मांगे राम कश्यप गुरुग्राम में कांग्रेस में शामिल हो रहे थे उसी समय जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला पिहोवा में जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों से रूबरु हो रहे थे। पार्टी में शामिल सभी कार्यकर्ताओं से कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि पार्टी में सभी कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व डीएसपी व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष करताराम कश्यप, जिला अध्यक्ष सुशील कश्यप सोनीपत ओबीसी सैल, सोनू कश्यप मौजूद रहे।

### कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया गौरव

**कुरुक्षेत्र।** जेन्सी जास्ट गांव गोबिंदगढ़ और कोच कमलेश, बलकीरत कौर ने 25 जनवरी से 27 जनवरी तक गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर में आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पेनकाक सिल्ट चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत कर हरियाणा का नाम रोशन किया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस अवसर पर कोच कमलेश ने कहा कि मैंने और मेरी टीम ने गोल्ड मेडल जीतने के लिए प्रयास किया परन्तु कांस्य पदक आने पर भी हमें बहुत खुशी है। इस मेडल के हासिल करने पर जेन्सी के परिवार के सदस्यों कली राम, रिंकी देवी, संजीव जास्ट, राम कुमार सरोहा, रितु, भावेश सरोहा, लवप्रीत, नैन्सीआदि रहे।


कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

### स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित रक्तदान शिविर लगाया

**कुरुक्षेत्र।** 166 बार रक्तदान और 80 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा ज्ञात-अज्ञात महान स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में 484 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में समाजसेवी एवं रक्तदाता पंकज ठकराल और डॉ. सतपाल मंडा मुख्यातिथि के रूप में पधारे हुए थे जबकि समाजसेवी एवं रक्तदाता प्रशांत शर्मा ने शिविर की अध्यक्षता की। अनेक बार रक्तदान कर चुके प्रधान सिपाही सतीश सैनी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और रक्तदान भी किया। शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों एवं रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को सरकारी अस्पताल के रक्त कोषों में रक्तदान शिविर में नियमित रक्तदान करना चाहिए।

# नारी शक्ति की देश के विकास में अहम भूमिका

- सुभाष कलसाना के नेतृत्व में सैंकड़ो महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



शाहबाद मारकंडा से सैंकड़ो की संख्या में महिलाएं और छात्राओं ने करनाल में महिला सशक्तिकरण हेतु आयोजित संवर्धिनी समागम में एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व समाजसेवी सुभाष कलसाना के नेतृत्व में हिस्सा लिया। सुभाष कलसाना ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल और पानीपत को मिलाकर कुरुक्षेत्र विभाग बनता है इसलिए चारो जिलों से आने वाली मातृशक्ति के सशक्तिकरण हेतु विभाग स्तर के संवर्धिनी समागम का आयोजन करनाल के सेक्टर 14 स्थित शिव मंदिर में किया गया। कार्यक्रम में भारतीय बॉलीबाल टीम की कप्तान निर्मल तंवर भाटी मुख्यातिथि रही , मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ मनु शर्मा कटारिया रही वही कार्यक्रम की अध्यक्षता बेला भाटिया ने की। सुभाष कलसाना ने कहा कि भारतीय दर्शन में नारी को अत्यधिक सम्मान दिया गया है क्योंकि वह त्याग की मूर्ति है, उसमे स्नेह का सागर है, उसमे समर्पण की पराकाष्ठा करने का अदम्य साहस है, वह समाज की वास्तविक वास्तुकार है महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में वर्तमान परिदृश्य में महिलाओं से जुड़े अनेको विषयों जैसे भारतीय चिंतन में महिला,महिलाओं की स्थानीय समस्या स्थिति एवं समाधान और सामाजिक विकास में योगदान आदि विषयों पर चिंतन किया गया।

# केयू की महिला कबड्डी टीम ने रच डाला इतिहास

- नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी प्रतियोगिता 2023-24 की बनी विजेता
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केयू खिलाड़ी कर रहे हैं गौरवान्वित : प्रो. सोमनाथ सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। महिला कबड्डी की विजेता टीम। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विवि की महिला कबड्डी टीम गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी कबड्डी महिला चैंपियनशिप 2023-24 की विजेता बनी। 25 से 27 जनवरी के बीच आयोजित प्रतियोगिता में केयू महिला कबड्डी टीम ने इतिहास रचते हुए नॉथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता की ट्राफी अपने नाम की। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने केयू महिला कबड्डी खिलाड़ियों, कोच एवं कार्यवाहक खेल निदेशक को बधाई देते हुए कहा कि केयू खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुरुक्षेत्र विवि को गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने महिला कबड्डी खिलाड़ियों को विशेष बधाई देते हुए कहा कि कहा शिक्षा, शोध, विज्ञान तथा खेल सहित सांस्कृतिक क्षेत्रों में हमारी बेटियां बेटों से कम नहीं है। वर्तमान में हमारी बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी रहकर विवि , राज्य एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने 29 से 31 जनवरी तक गुरु काशी यूनिवर्सिटी तलवंडी साबो में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी प्रतियोगिता 2023-24 के लिए केयू महिला खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने महिला कबड्डी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर केयू खेल निदेशालय के कार्यवाहक खेल निदेशक डॉ. राजेश सोबती ने बताया कि केयू ने नॉथ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला कबड्डी टीम के क्वालीफाइंग मैच में सीडीएलयू सिरसा को 45-38 से हराया। वहीं पहले लीग मैच में केयू ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली को 47-32 से मात देकर प्रतियोगिता में शानदार शुरूआत की। दूसरे लीग मैच में केयू ने गुरुकाशी विश्वविद्यालय तलवंडी साबो को तथा तीसरे मैच में भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय खानपुर कलां को 45-27 से हराया।




### व्हील चेयर और जरूरत का सामान प्रदान किया

**कुरुक्षेत्र।** लाला लाजपत राय सेवा समिति ने कुरुक्षेत्र के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में मरीजों के लिए जरूरत का सामान प्रदान किया है। स्वतंत्रता सेनानी अंग्रेजों के साथ लोहा लेने वाले साइमन कमीशन गो बैक का नारा लगाने वाले लाला लाजपत राय की जयंती के मौके पर समिति के बैनर तले को कुरुक्षेत्र के लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में समिति के सदस्यों ने हरियाणा पशुपालन बोर्ड के चेयरमैन धर्मवीर मिजापुर की मौजूदगी में अस्पताल प्रशासन को व्हील चेयर और मरीजों की जरूरत का सामान प्रदान किया। लाला लाजपत राय की जयंती के अवसर पर शहर के प्रबुद्ध जनों ने लाला लाजपत राय सेवा समिति के बैनर के तले अस्पताल में मरीजों के लिए व्हील चेयर सहित जरूरत का समान प्रदान किया है।

# संतों के आशीर्वाद से समाज बढ़ रहा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। रविदास नगर में केसी रंगा के निवास पर पहुंचने पर संत मनदीप दास का स्वागत करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्रीगुरु रविदास जी धर्मस्थान सिरसगढ़ अंबाला के संचालक संत मनदीप दास कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य कृष्ण चंद्र के निवास पर पहुंचे। जहां पर कृष्ण चंद्र व परिवार के सदस्य के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर संत मनदीप दास का स्वागत किया। इस मौके पर संत मनदीप दास ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और कहा कि संत रविदास महाराज और गुरुओं के आशीर्वाद से समाज आगे बढ़ रहा है। संत मनदीप दास ने कृष्ण चंद गुप्ता की बेटी जिनका पिछले दिनों विवाह हुआ था, उन्हें आशीर्वाद दिया और उनके कुशल भविष्य की कामना की। इस मौके पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता हरप्रीत चीमा, रेलवे से सेवानिवृत्ति एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य हरि सिंह तंवर, बलजीत फौजी, राजबीर सिंह, दर्शन लाल बांगड़ , हंसराज, बलवंत राय, हरि चंद, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, रमेश कुमार, रीटा सोलखे, रूपचंद, उर्मिला रंगा, रुचिका सहित अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कांग्रेस नेता स्वामी संदीप ओंकार।

### जन संदेश न्याय यात्रा का दिया निमंत्रण

**कुरुक्षेत्र।** स्वामी संदीप ओंकार ने जन संदेश यात्रा के अन्तर्गत पिहोवा के कार्यालय में हलका के कार्यकर्ताओं के साथ मीटिंग की और पिहोवा में 4 फरवरी के लिए जन संदेश यात्रा के स्वागत के लिए निमंत्रण दिया। कांग्रेस नेता संदीप ओंकार ने कहा कि गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गठबंधन सरकार द्वारा झूठे आंकड़े पेश करके अधिक इनकम दिखाकर जानबूझकर गरीब परिवारों के बीपीएल राशन कार्ड काटे जा रहे हैं। राशन कार्ड व फैमिली आईडी ठीक करवाने के लिए लोग कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। गठबंधन सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी समेत सभी वर्ग दुखी हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार को सत्ता से हटाने के लिए 4 फरवरी को पिहोवा में कांग्रेस संदेश न्याय यात्रा पहुंच रही है।


कुरुक्षेत्र। श्रीखाटूश्याम संकीर्तन की आरती करते श्यामप्रेमी। फोटो : हरिभूमि

### खाटू श्याम के भजनों पर झूमे श्याम भक्त

**कुरुक्षेत्र।** खाटूश्याम जी के प्रचार प्रसार को समर्पित नगर की विख्यात संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार,कुरुक्षेत्र द्वारा गत रात्रि हरगोविंद नगर में 512वां भव्य श्री श्याम संकीर्तन व भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक सभी कॉलोनीवासियों ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। इस दौरान गायक गौरव शान और जतिन जिंदल ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई। श्रीश्याम आरती में मुख्यतः अनुज सिंगला,अरुण गोयल,संजय चौधरी,वरुण गुप्ता, हरीश गुप्ता,राजीव गुप्ता, गौरव गुप्ता, पियांशु तायल, मोहित तायल,गिरीश गर्ग, शुभम अरोड़ा, अनिल मित्तल, संतोष गुप्ता, मनोज गुप्ता, योगेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र काठपाल, घनश्याम दास गर्ग, हरविंदर सिंह,कविता गोयल,स्वीटी मित्तल,मीनू गोयल,सोनिया गुप्ता,अनु गर्ग, वंदना, अनिता शर्मा, सुषमा और वंशिका सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

### डॉ. अजय सिंह चौटाला का जोरदार स्वागत

- जजपा पार्टी ताऊ देवीलाल की नीतियों पर आगे बढ़ रही : डा. अजय चौटाला

**पिहोवा।** जजपा नेता डॉ. अजय सिंह चौटाला ने अपने जनसंपर्क अभियान के तहत खैहरा फार्म निवास स्थान पर शिरकत की। यहां पहुंचने पर डॉ. जसविंदर खैहरा के नेतृत्व में उनका जोरदार स्वागत किया गया। खैहरा फार्म पर पहुंचकर डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि जसविंदर खैहरा के परिवार के साथ उनका चार पीढ़ियों का साथ है। यह परिवार उनके परिवार के संघर्ष का साथी रहा है। उन्होंने इस दौरान डॉ. जसविंदर खैहरा की पीठ थपथपाते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जिला में युवा टीम बेहतरीन कार्य कर रही है, जोकि काबिलेतारीफ है। इस दौरान डॉ. जसविंदर खैहरा ने ताऊ देवीलाल के साथ डॉ अजय सिंह चौटाला की युवावस्था का फ्रेम चित्र उन्हें भेंट किया।

## कैंप में पहुंचे मरीजों को हार्ट अटैक के खतरों से अवगत कराया

# लाला लाजपत राय की जयंती पर लगाया स्वास्थ्य कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। मरीज का चेकअप करते डा. हिमांशु जैन। फोटो : हरिभूमि

लाला लाजपत राय जयंती पर डी आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल, कुरुक्षेत्र सौजन्य से गांव ढेरू माजरा में निशुल्क सामान्य चिकित्सा व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में मुख्य अतिथि ब्लॉक समिति के उपप्रधान हुकम चंद ने कहा कि समाजसेवी संस्थाओं कों देश के स्वतंत्रता सेनानियों की जयंती पर मेडिकल कैंप, ब्लड डोनेशन कैंप इत्यादि लगाने चाहिए और उनके दिखाए गए रास्ते पर चलना चाहिए लाला लाजपत राय ने स्वामी दयानन्द सरस्वती के साथ मिलकर आर्य समाज को पंजाब में लोकप्रिय बनाने में योगदान दिया। डी आर जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के डॉ गुरवीर कौर ने कहा कि हार्ट अटैक दिल की बिमारियों में प्रमुख माना जाता हैं, जो पूरे विश्व मैं तेजी से फैल रही है। इसका सही समय पर इलाज करना चाहिए। हार्ट अटैक के प्रमुख कारण उच्च रक्तचाप के वजह से हृदय पर दबाव रहना, धूम्रपान और मादक द्रव्यों का सेवन करना,मानसिक तनाव में कार्यरत लोग, व्यस्त जीवन शैली के कारण अनियमित आहार, जंक फूड खाना, या अधिक मसालेदार भोजन दिल के दौरे का कारण बनता है, दिल के दौरे का उच्च जोखिम विरासत में भी मिल सकता है। एनजाइन यानि दिल में ऑक्सीजन की कमी, उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर, शरीर की निष्क्रियता और डायबिटीज दिल के दौरे के जोखिम का कारक है। महिलाओं के सीने में और स्तन मैं दर्द होना, शरीर के ऊपरी भाग में यानि गर्दन, पीठ, दांत, भुजाएं और कंधे की हड्डी में तेज दर्द होना। चक्कर आना, बेचैनी महसूस करना, या सिर घूमना, जी मचलाना, उलटी, पेट खराब होना आदि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में अधिक दिखाई देते हैं। जबड़े में दर्द होना महिलाओं में हार्ट अटैक के प्रमुख लक्षण है क्योंकि इसके पास जो नसें होती हैं वे आपके हृदय से निकलती हैं। शिविर में डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में 1879 वॉ निशुल्क कैंप का आयोजन किया गया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पंच पवन कुमार, जगतार सिंह, साहिब सिंह पंच, जगदीश, बलकार, विशाल, गुरनाम सिंह, करम सिंह,दीपिका,वंश सैनी अंजू, बबीता, महक, नितीश यादव,सौरभ, एडवोकेट सोनिया, सुनीता,कुलदीप इत्यादि उपस्थित रहे।

